आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
गुरूवार 01.05.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुंबई में पहले वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट सम्मेलन–वेव्स का उद्‌घाटन किया, कहा– भारत के लिए वैश्विक रचनात्मकता का नेतृत्व करने का यह सही समय है।
- मुख्य वन संरक्षक सुशांत सिंह पटनायक ने बागेश्वर जिले के विभिन्न क्रू–स्टेशनों का निरीक्षण किया।
- केदारनाथ धाम के कपाट कल श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले जाएंगे, बड़ी संख्या में श्रद्धालु धाम पहुंचे।
- गंगोत्री और जानकीचट्टी में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का संचालन शुरू।

**प्रधानमंत्री / वेव्स**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मुंबई के जिओ वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में पहले वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट सम्मेलन– वेव्स का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह वैश्विक मंच है, जो कलाकारों और रचनाकारों के नये विचारों को बढावा देगा। वेव्स बाजार पहल की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह नवोन्मेषकों और रचनाकारों को प्रोत्साहित करेगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वेव्स सम्मेलन में भारत की रचनात्मक ताकत वैश्विक मंच पर उजागर होगी। उन्होंने कहा कि यह भारत के ऐनिमेशन और ग्राफिक डिजाइन उद्योग के लिए खुद को वैश्विक मंच पर स्थापित करने का महत्वपूर्ण अवसर है।

श्री मोदी ने कहा कि भारत, दुनिया की तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर प्रयासरत है और उसके पास विश्व का तीसरा सबसे बडा स्टार्टअप सिस्टम है। उन्होंने कहा कि भारतीय फिल्में अब विश्व के कोने–कोने तक पहुंच रही हैं और आज भारतीय फिल्में सौ से अधिक देशों में प्रदर्शित की जा रही हैं।

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वेव्स सम्मेलन के उदघाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि यह सम्मेलन रचनाकारों को वैश्विक मंच प्रदान करेगा और नई प्रौद्योगिकी के बारे में जानने का अवसर देगा।

## मुख्य वन संरक्षक

फायर सीजन के दौरान जंगलों को आग से बचाना एक बड़ी चुनौती है। इसको देखते हुए प्रदेश सरकार ने सभी जिलों में फायर नोडल अधिकारी तैनात किए हैं। बागेश्वर जिले के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी व मुख्य वन संरक्षक सुशांत सिंह पटनायक ने जिले का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कौसानी, बैजनाथ, हरिद्वारछीना और कठायतबाड़ा क्रू–स्टेशन का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने मास्टर कंट्रोल रूम छतीना और मॉडल क्रू सेंटर जौलकांडे का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जन सहभागिता से जंगलों की आग पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर लोगों को जोड़कर एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा, जिससे आग की सूचना समय रहते मिल सके और तुरंत कार्रवाई की जा सके।

## श्रमिक दिवस रुद्रप्रयाग

विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर रुद्रप्रयाग जिले के विभिन्न स्थानों पर स्वीप कार्यक्रम के तहत निर्माण व अन्य कार्यों के मजदूरों के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वीप टीम ने जिले के सुमेरपुर व खांखरा में रेलवे निर्माण कार्यों में काम कर रहे मजदूरों और जिला उद्योग केंद्र के निर्देशन में भटवाड़ीसैण में श्रमिकों को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्हें पारितोषिक भी वितरित किए गए। इसके अलावा तिलवाड़ा में केदारा उद्योग केंद्र में भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## केदारनाथ कपाट

केदारनाथ धाम के कपाट कल सुबह सात बजे विधि–विधान से श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। कपाटोद्घाटन के साक्षी बनने के लिए दस हजार से अधिक श्रद्धालु धाम पहुंच गये हैं। वहीं, बाबा केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली भी सेना की बैंड धुनों और भक्तों के जयकारों के बीच धाम पहुंच गई है।

मंदिर परिसर और आस–पास के क्षेत्रों में भक्तों की चहल–पहल देखते ही बन रही है। चारधाम यात्रा के प्रमुख केंद्र केदारनाथ धाम में कपाटोद्घाटन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

इस बार केदारनाथ मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया है। ऋषिकेश, गुजरात से आई पुष्प समिति की ओर से मंदिर को 108 क्विंटल फूलों से भव्य रूप में सजाया गया है। मंदिर की इस आकर्षक सजावट को देखने के लिए भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुँच रहे हैं। रंग–बिरंगे फूलों की सुगंध और भव्यता मंदिर को और भी दिव्य आभा प्रदान कर रही है। केदारनाथ यात्रा के दौरान सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात और स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंदिर परिसर में पुलिस बल, आपदा राहत टीमें और मेडिकल स्टाफ

की तैनाती की गई है। रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी डा. सौरभ गहरवार और पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रह्लाद कोंडे ने केदारनाथ पहुंचकर धाम में सभी तैयारियों का जायजा लेते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को जरूरी निर्देश दिये।

## सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट

चारधाम यात्रा को सुरक्षित, स्वच्छ व पर्यावरण के अनुकूल बनाने की दिशा में उत्तरकाशी जिले के गंगोत्री और जानकीचट्टी में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का संचालन शुरू कर दिया गया है। यह प्लांट यात्रा मार्ग में उत्पन्न होने वाले ठोस अपशिष्ट का प्रोसेसिंग, वर्गीकरण और वैज्ञानिक निस्तारण सुनिश्चित करेगा, जिससे धार्मिक स्थलों की स्वच्छता बनी रहेगी। जिला प्रशासन के अनुसार नगर पंचायत व जिला पंचायत द्वारा कूड़े के विभाजन की प्रक्रिया सक्रिय रूप से चलाई जा रही है, जिसमें सूखा और गीला कूड़ा अलग–अलग किया जा रहा है। इस प्रक्रिया के तहत, सूखे कूड़े जैसे प्लास्टिक की बोतलें, रैपर आदि को विशेष मशीनों द्वारा कम्पेक्ट किया जा रहा है, जिससे उनका परिवहन और पुनर्चक्रण आसान हो सके। वहीं गीले कूड़े को बायो–कम्पेक्टर की सहायता से खाद में परिवर्तित किया जा रहा है। यह खाद स्थानीय उद्यानों और हरित क्षेत्रों में उपयोग में लायी जाएगी।

## योग कार्यक्रम चम्पावत

चम्पावत जिले में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रमों का आज से शुभारंभ हो गया है। इसके तहत ग्राम स्तर से जिला स्तर तक 20 जून तक योगाभ्यास, योग मैराथन, योग महाकुंभ, शैक्षिक योग प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में लोहाघाट में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रमों का नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा ने शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि अगर योग को अपनी दिनचर्या से जोड़ा जाए, तो कई तरह की बीमारियों का स्वतः निदान हो जाएगा।

कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों ने योग साधकों को विभिन्न प्रकार के योग व उनके लाभ के बारे में जानकारी दी। योग प्रशिक्षक विजय देउपा ने बताया कि योग साधकों को विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया।

योगाभ्यास कार्यक्रम में आये साधकों ने कहा कि योग से जुड़ने के बाद उनके जीवन में काफी बदलाव आया है।